IJARSCT

International Journal of Advanced Research in Science, Communication and Technology

International Open-Access, Double-Blind, Peer-Reviewed, Refereed, Multidisciplinary Online Journal

ISSN: 2581-9429

Volume 5, Issue 1, July 2025

Impact Factor: 7.67

# सामाजिक अनुसंधान में साक्षात्कार प्रविधि की भूमिका

**डॉ. महेंद्र कुमार**

सहायक आचार्य, समाजशास्त्र

राजकीय महाविद्यालय, सिणधरी, (बालोतरा)

**डॉ. हरीश जाटोल**

सहायक आचार्य, भूगोल

राजकीय महाविद्यालय, सिणधरी, (बालोतरा)

**लेखा राम**

सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र

राजकीय महाविद्यालय, सिणधरी, (बालोतरा)

**सारांश**

सामाजिक अनुसंधान समाज की संरचना, कार्यप्रणाली, और उसमें होने वाले परिवर्तनों को समझने का एक वैज्ञानिक माध्यम है। इसमें विभिन्न अनुसंधान प्रविधियों का उपयोग किया जाता है, जिनमें साक्षात्कार (Interview) एक अत्यंत महत्वपूर्ण तकनीक है। यह तकनीक शोधकर्ता को व्यक्तियों के दृष्टिकोण, अनुभवों और सामाजिक वास्तविकताओं को समझने का अवसर प्रदान करती है। यह शोध पत्र साक्षात्कार प्रविधि के प्रकार, महत्व, लाभ, सीमाएँ और इसके सामाजिक अनुसंधान में योगदान पर केंद्रित है। क्षेत्रीय कार्य की पद्धतियों में साक्षात्कार का स्थान सर्वोपरि हैं। व्यक्ति की मनोवृतियों, भावनाओं एवं आंतरिक विचारों का अध्ययन एवं विश्लेषण करने के लिए साक्षात्कार एक उपयोगी पद्धति हैं। इसमें अध्ययनकर्ता एवं सूचनादाता एक –दूसरे के सामने संबंध स्थापित कर वार्तालाप करके अभीष्ट सामग्री प्राप्त करता हैं। इस पद्धति का प्रयोग सामाजिक विज्ञानों के अनुसंधानों में ही संभव हैं।

**मूल शब्द** – सामाजिक , अनुसंधान , साक्षात्कार , प्रविधि